हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 जीएसटी को लेकर विपक्ष आमजन को बहकाने...



11 मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर मोहा सबका मन




## खबर संक्षेप

### वाहन चालान का झांसा देकर की ठगी, केस दर्ज

**कैथल।** साइबर ठगों ने एक तकनीक का जाल बुनकर खंड सीवन के रसूलपुर गामड़ी गांव निवासी युवक अंकित को ठगी का शिकार बना लिया। वाहन चालान का बहाना बनाकर भेजे गए संदिग्ध लिंक पर क्लिक करते ही उसके बैंक खाते से 50 हजार रुपये कुछ ही मिनटों में गायब हो गए। घबराए युवक ने थाना सीवन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई व अपराधियों को पकड़ने की गुहार लगाई।

### घर में घुस युवती को धमकाया, मामला दर्ज

**जींद।** गांव थुआ में घर में घुस कर युवती को चाकू दिखा कर धमकी देने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव थुआ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात गांव का ही बिट्टू उसके घर में घुस आया। उसकी बेटी की आंख खुल गई। जब उसकी बेटी ने विरोध किया तो आरोपित ने चाकू दिखा कर जान से मारने की धमकी दी।

### लकड़ी चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पुण्डरी क्षेत्र से लकड़ी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की बृजलाला वन रक्षक इंचार्ज पूंडरी बीट की शिकायत अनुसार 6 की रात पुण्डरी–राजौंद रोड पर पीग फार्म, पाई के पास बोलेरो गाड़ी में लकड़ी चोरी कर लादी जा रही थी। गश्त कर रही वन विभाग की टीम को देखकर आरोपी भागने लगे और पीछा कर रही सरकारी गाड़ी को टक्कर मारने तथा नुकसान पहुंचाने के लिए गाड़ी से लकड़ी के लट्ठे फेंकने लगे।

### युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

**जींद।** अमेजॉन से ऑनलाइन आईफोन तथा इलेक्ट्रिोनिक्स का सामान मंगवा कर 17 लाख 55 हजार 166 रुपये हडपने पर जुलाना थाना पुलिस ने युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अमेजॉन का सामान डिलीवर करने वाले शामलो कलां निवासी अमित ने पुलिस को शिकायत दी है।

# थाम ठीक ठाक सो के, थारी फसल ठीक सै के, चिंता न करो, सरकार के पास खजाने की कमी नही : मुख्यमंत्री

### नायब सैनी ने अचानक नरवाना के ग्रामीणों के बीच काफिला रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम नायब सैनी पंचकूला से नरवाना के रास्ते फतेहाबाद जाते समय नरवाना के गांव धरौदी, लोन धमतान व कालवन में लोगों को देख अचानक काफिला रुकवा कर लोगों की समस्याओं को सुनने लग गए। ग्रामीण अचानक सीएम को अपने बीच पाकर गदगद हो गए। सीएम ने हरियाणवी अंदाज में लोगों से पूछा थामहे ठीक ठाक सो के, थारी फसल ठीक सै के, चिंता न करयो, सरकार के पास खजाने की कमी नही है। मैं तो थामने देख के रुक गया। मुख्यमंत्री गांव धरौदी में बाबा जमीन नाथ गोशाला पर रूके और ग्रामीणों से वर्तमान बरसाती सीजन के हालात के बारे जानकारी ली।

#### गांव स्तर पर ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान प्राकृतिक आपदा की घड़ी में राज्य सरकार पूर्ण रूप से प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। प्रदेश के जिन भी इलाकों में भारी बरसात की वजह से फसलों इत्यादि का नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई की जाएगी। इसके लिए प्रभावित इलाकों में गांव स्तर पर ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। जिस पर किसान बरसात की वजह से हुए फसलों के नुकसान का ब्यौरा अपलोड करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान, गरीब मजदूर तथा प्रभावित प्रदेशवासियों के हित पूर्णतया सुरक्षित हैं और वे स्वंय जलभराव से उत्पन्न स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को नरवाना से टोहाना जाते हुए विभिन्न गांवों के ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री गांव धरौदी में बाबा जमीन नाथ गऊशाला पर रूके और ग्रामीणों से वर्तमान बरसाती सीजन के हालात के बारे जानकारी ली।

#### मुख्यमंत्री का न्यारा अंदाज देख लोग गदगद



जींद। नरवाना से टोहाना जाते ग्रामीणों की समस्याएं सुनते सीएम नायब सैनी। फोटो :हरिभूमि

#### जल निकासी के निर्देश

उन्होंने ग्रामीणों विशेषकर किसानों को आश्वस्त किया कि उन्हें हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी जिला उपायुक्तों, राजस्व व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं कि बरसात के इस मौसम के दौरान होने वाले जलभराव की स्थिति पर नजर रखें और ऐसी स्थिति कहीं उत्पन्न होती है तो तुरंत पानी निकासी इत्यादि का प्रबंध कर समाधान करवाएं ताकि किसानों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी परेशानी ना हो। इसके बाद मुख्यमंत्री गांव लोन, धमतान साहिब तथा कालवन में भी ग्रामीणों से मिले। सभी गांवों के लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया और सरकार व प्रशासन द्वारा बरसाती मौसम के दौरान किए गए राहत कार्यों की सराहना की। इस दौरान डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एसपी कुलदीप सिंह, नरवाना एसडीएम जगदीश चंद्र व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



कैथल। सरस्वती ड्रेन का कमजोर बांध, खतरे की जद में खड़ी फसलें।

## सरस्वती ड्रेन की जर्जर हालत से ग्रामीणों में रोष

- कमजोर बांध से चिंतित, मारकंडा का पानी ड्रेन पर बढ़ा रहा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रसूलपुर क्षेत्र में बहने वाली सरस्वती ड्रेन की जर्जर हालत से ग्रामीणों में भारी रोष है। उनका कहना है कि ड्रेन का बांध काफी कमजोर है और बरसात या अतिरिक्त पानी आने पर कभी भी टूट सकता है। शिकायतें करने के बावजूद विभाग ने अब तक सफाई व पक्कीकरण का काम नहीं कराया, जिससे हजारों एकड़ फसल पर संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने याद दिलाया कि 2023 में भी यह ड्रेन टूटने से करीब एक दर्जन गांवों के किसानों की लगभग 1500 एकड़ फसल जलमग्न हो गई थी। इस बार भी समय पर मरम्मत नहीं हुई तो दोबारा भारी नुकसान की आशंका है। खतरे की जद में कक्योर माजरा, हिम्मतपुरा, रसूलपुर, माण्डी सादरा, ककराला इनायत, पबसर, ककराला कुचियां, पोलड़ सहित एक दर्जन से अधिक गांव आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह इलाका खेती प्रधान है, इसलिए किसी भी प्रकार का जलभराव सीधे-सीधे किसान की मेहनत पर चोट करता है।

#### लापरवाही सहन नहीं

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विभागीय स्तर पर त्वरित कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा। किसानों का स्पष्ट कहना है कि वे अपनी फसलों को एक बार फिर डूबने नहीं देंगे और किसी भी हाल में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

#### चिंता जताई

ग्रामीणों ने चिंता जताई कि हाल ही में मारकंडा नदी की दीवार टूटने के बाद उसका पानी बीबीपुर के पास मस्तापुर झील से होते हुए बड़ी मात्रा में सरस्वती ड्रेन में आ रहा है। बढ़ते जलस्तर के चलते कमजोर बांध और दबाव सहन नहीं कर पाएगा, परिणामस्वरूप आसपास की जमीनें जलमग्न हो सकती हैं।

### 52 हजार 381 क्यूसेक पहुंचा पानी, किसानों को करोड़ों का नुकसान

# घग्गर उफान पर, खतरे के निशान से डेढ़ फीट ऊपर तक पहुंचा जलस्तर

### अभी तक 30 से अधिक गांवों में डूबी 8 हजार एकड़ धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका/कैथल

पंजाब से शुरू हुआ बाढ का सिससिला अब गुहला तक पहुंच गया है। पहाडी क्षेत्र में बरसात होने के कारण गुहला क्षेत्र से गुजरने वाली घग्गर नदी पूरे उफान पर है। घग्गर नदी रविवार दोपहर दो बजे तक खतरे के निशान से करीब डेढ़ फीट ऊपर पहुंच गई। इस नदी में 52 हजार 381 क्यूसेक पानी पहुंच गया। ऐसे में अब गुहला-चीका क्षेत्र में किसानों की चिंता बढ़ गई है। बता दें कि पिछले चार दिन से जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अभी तक 30 से अधिक गांवों में सात हजार एकड़ धान की फसल डूब गई है। बता दें कि भागल गांव में कुरूक्षेत्र के इस्माईलाबाद क्षेत्र से आ रही मारकंडा नदी भी कहर बरपा रही है। गुहला-चीका क्षेत्र के करीब 30 गांवों में संभावित बाढ़ का डर लोगों को तेजी से सताने लगा है। ग्रामीण अपने घरों में पशुओं और परिवार के लिए मिट्टी के थैले, सूखा राशन और चारे का इंतजाम करने लगे हैं। लोगों का कहना है कि पंजाब व हरियाणा के कई जिलों में पहले ही बाढ़ का कहर देख रहे है, ऐसे में घग्गर के उफान से उनका डर और बढ़ गया है। पिछले एक सप्ताह से लगातार पानी छोड़े जाने से घग्गर नदी के किनारे बसे गांवों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। घग्गर व मारकंडा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण गांव सिहाली, रत्ता खेड़ा, मंझेड़ी व मैंगड़ा, भूसलां, बुड़नपुर, मोहनपुर, भागल, ढंढोता, कमहेड़ी, खंबेहड़ा, सरोला, रत्ताखेड़ा लुकमान, बुबकपुर, दाबा, चाबा सहित दर्जनों गांव के किसानों की छह हजार एकड़ फसलें तबाह हो गई है। सबसे ज़्यादा नुकसान सब्जी उगाने वाले किसानों का हो रहा है।

साल 2023 में भी इस घग्गर ने गुहला-चीका क्षेत्र को बुरी तरह से प्रभावित किया था, जिस कारण अभी तक लोग उस आर्थिक मार से उभरे ही नहीं थे कि अब फिर घग्गर नदी में पानी का स्तर बढ़ने ने से किसानों की चिंताएं जरूर बढ़ गई हैं। उल्लेखनीय है कि हिमाचल की पहाड़ियों से निकलने वाली यह घग्गर नदी हर साल लोगों के लिए मुसीबत का कारण बनती आ रही है। इसके अलावा इस घग्गर नदी में मारकंडा व टांगरी नदी के अलावा और भी बहुत से छोटे नालों का पानी इस घग्गर में आता है।

### आखिर कहां गए जिला प्रशासन के अधिकारियों के बाढ़ बचाव के दावे



कैथल। घग्गर नदी में उफान के कारण मंझेडी के खेतों में भरा पानी



कैथल। घग्गर नदी के पुल पर तैनात पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

#### विभाग पर लीपापोती का आरोप

वहीं, अन्य लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग हर साल घग्गर नदी लीपा-पोती के अलावा कुछ नहीं करता व जब घग्गर नदी में पानी का स्तर बढ़ने लगता है तो मौके पर मनरेगा मजदूर व कुछ मशीनरी लगाकर खानापूर्ति जरूर कर दी जाती है। क्षेत्र के लोगों की दशकों से मांग रही है कि घग्गर नदी का स्थाई हल निकाला जाए, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

#### आमजन भुगत रही खामियाजा

घग्गर नदी के साथ स्थित गांव निवासी गुरनाम सिंह मंझेडी, गुरदेव जोशन रताखेड़ा, सुभाष भागल, हरभजन सिंह, बचीतर सिंह आदि लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग को बरसात के मौसम से पहले घग्गर नदी की साफ सफाई करवानी चाहिए थी व कमजोर बांधों पर मिट्टी या मिट्टी के थैले भरकर लगाने चाहिए थे, लेकिन अब सफाई नहीं होने से खामियाजा आमजन को ही भुगतना पड़ रहा है।

## गड्ढों में फंसा राखी से भरा ट्रक

- बरसात के बाद भरा था पानी, नहीं दिखा गड्ढा
- नाला की तरफ टेढ़ा होने के कारण ड्राइवर को भी आई चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर पुलिस थाना के पास बारिश के बाद हुए गड्ढों में राखी से भरा ट्रक फंस गया। गहरे गड्ढे में नीचे से ट्रक का सारा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। नाला की तरफ टेढ़ा होने के कारण ड्राइवर को भी चोट आई है।

पानीपत के ट्रक मालिक रिषीपाल एडवोकेट के अनुसार उसका राखी से भरा ट्रक तलवंडी से पानीपत आ रहा था। सुबह साढ़े चार बजे उसे ड्राइवर से सूचना मिली कि उचाना में थाना के पास दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर भरे बरसाती पानी के कारण गहरे गड्ढे का पता नहीं लग पाया और ट्रक गड्ढे में गिरने जा फंसा और ट्रक का बैलेंस बिगड़ गया। नाला की तरफ टेढ़ा होने के कारण ड्राइवर को भी चोट आई है।

#### ट्रक का नीचे का हिस्सा टूटा

ट्रक का नीचे का हिस्सा टूट गया और ड्राइवर को भी चोट आई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क पर दो-दो फीट तक के गहरे गड्ढे हैं। बारिश के पानी में ये गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। इस हादसे में ट्रक और उसमें लदे सामान को मिलाकर लाखों का नुकसान हो गया। हादसे के बाद से वाहन चालक इस स्थान पर बेहद धीमी गति से गुजर रहे हैं। इससे उचाना थाने के पास बार-बार लंबा जाम लग रहा है। हाईवे पर जल भराव की समस्या गंभीर बनी हुई है, जिससे सड़क की स्थिति और खराब हो रही है। हालांकि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री भी यहां दो दिन पहले दौरा कर चुके हैं और संबंधित अधिकारियों को पानी निकालने के आदेश दे चुके हैं।



## जुलाना : वार्ड दो में मकान की छत गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के वार्ड दो में रात को करीब दो बजे किसान के मकान की छत गिर गई। गनिमत रही कि परिवार दुसरे कमरे में सो रहा था। कमरे में पशु बंधे हुए थे जोकि छत गिरने से मलबे के नीचे दब गए। वार्ड दो निवासी संजीत ने बताया कि बीती रात उनके घर की छत बरसात से गिर गई।

गनीमत रही कि परिवार के सभी सदस्य बाल-बाल बच गए। छत गिरने से घर में रखा सारा सामान मलबे के नीचे दब कर खराब हो गया। संजीत ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य खाना खा कर घर में सोये थे। दूसरे कमरे में पशु बंधे हुए थे उसी मकान की छत धड़ाम से गिर गई। पीड़ित ने प्रशासन और सरकार ने मदद की गुहार लगाई है।



जुलाना। वार्ड 2 में गिरी मकान की छत।

## सूतक लगते ही मंदिरों के कपाट बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अगहन पूर्णिमा पर रविवार की देर शाम खाग्रास चंद्रग्रहण रहा। चंद्रग्रहण से पूर्व दोपहर को 01. 57 पर इसका सूतक शुरू हो गया। जिसके चलते शहर के प्रमुख मंदिरों जयंती देवी मंदिर, शिव मंदिर, गणेश मंदिर, सारडं मंदिर, भूतेश्वर मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। सूतक शुरू होते ही मंदिरों के आसपास सन्नाटा पसरा गया। पुजारियों ने श्रद्धालुओं से ग्रहण काल समय के दौरान घरों में रहकर मां भगवती की पूजा करने की बात कही। चंद्रग्रहण का समय समाप्त होने के बाद ही मंदिरों के कपाट फिर से श्रद्धालुओं के लिए खोले गए।

#### ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों की शुद्धि की

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि चंद्रगहण 3:30 घंटे का रहा। यह ग्रहण भारत व विश्व में दिखाई देगा। पितृ पक्ष के प्रारंभ पर चंद्रग्रहण और समापन पर आंशिक सूर्य ग्रहण रहेगा। ग्रहण का समय रात 9:57 से रात 1:27 बजे तक का रहा है। जबकि ग्रहण का सूतक दोपहर 12:57 पर ही लग गया। इसके चलते मंदिरों के कपाटों को बंद रखा गया। चंद्रग्रहण के दौरान चाकू, सुई, कैंची जैसी नुकीली वस्तुओं का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। साथ ही नाखून और बाल काटना भी अशुभ होता है। गर्भवती महिलाओं को ग्रहण के समय बाहर निकलने से मना किया जाता है। साथ ही उन्हें नुकीली चीजों को पकडने से भी बचना चाहिए। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों की शुद्धि की गई।

#### 108 साल बाद लग रहा चंद्रग्रहण

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि यह चंद्र ग्रहण 108 साल बाद लग रहा है। ग्रहण रात 9:57 बजे से शुरू हुआ और इसका मध्य काल 11:41 बजे रहेगा। ग्रहण रात 1:27 बजे समाप्त होगा। ऐसा माना जाता है कि ग्रहण काल में नकारात्मक ऊर्जाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में मंदिरों के कपाट शुद्धिकरण और अनुष्ठानों के लिए बंद कर दिए जाते हैं। वहीं ग्रहण के दौरान मंदिर इसलिए भी बंद कर दिए जाते हैं कि इस समय वातावरण में नकारात्मक ऊर्जा जो देवताओं की मूर्तियों की पवित्रता को भंग कर सकती है। ऐसे में सूतक काल में मंदिरों को बंद रखने से मूर्तियों को शुद्ध रखा जाता है और भक्तों को इस नकारात्मक प्रभाव से बचाया जाता है। यह समय अंतर्मुखी होकर पूजा-पाठ और ध्यान के लिए बेहतर माना जाता है।

**सुविधा** पंचायती राज विभाग ने जारी किया टेंडर,46.63 लाख रुपये की राशि होगी खर्च

# खुशखबरी : मनोहरपुर में बनेगा सब हेल्थ सेंटर आसपास के कई गांवों को मिलेगी बेहतर सुविधा

### ग्रामीण आबादी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मांग को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हों, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा मनोहरपुर गांव में सब हेल्थ सेंटर बनाया जाएगा। इस पर 46.63 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। इसके लिए पंचायती राज विभाग ने टेंडर जारी किया है। इसकी बिड अब 15 सितंबर को ओपन होगी। मनोहरपुर गांव में अबतक न तो स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शहर में आना पड़ता था। किसी भी तरह की सामान्य बीमारी के उपचार के लिए जींद आना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत ने प्रशासन से गांव में सब हेल्थ सेंटर की मांग की। ग्रामीण आबादी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मांग को मंजूरी मिली। इसके बाद गांव में सब हेल्थ सेंटर बनवाने के लिए एस्टीमेट तैयार करवाया गया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए राशि जारी कर पंचायती राज विभाग को दी। अब पंचायती राज विभाग ने गांव में सब हेल्थ सेंटर बनाने के लिए टेंडर लगाया है। आगामी एक वर्ष तक इस भवन का निर्माण कार्य पूरा करवाया जाएगाए ताकि गांव में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर उपलब्ध करवाई जा सकें। इसके शुरू होने के बाद ग्रामीणों को उपचार के लिए जींद समेत आसपास के अन्य अस्पतालों में जाने से छुटकारा मिलेगा। नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि पांच हजार की आबादी पर एक सब हेल्थ सेंटर बनाया जाता है। इसमें तीन स्वास्थ्य कर्मचारियों का स्टाफ होता है। यहां पर सामान्य बीमारियों का उपचार किया जाता है।

#### स्टाफ की नियुक्ति होगी




गंभीर मरीज आने पर नजदीक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या फिर जिला अस्पताल में रेफर किया जाता है। अगर एक गांव की आबादी पांच हजार से कम है तो इसमें आसपास के गांव भी जोड़े जाते हैं। सब हेल्थ सेंटर बनने के बाद ही इसमें स्टाफ की नियुक्ति होगी।

#### अगले सप्ताह ही टेंडर की बिड खुल जाएगी

नोहरपुर गांव में सब हेल्थ सेंटर बनाने के लिए टेंडर लगाया
पंचायती राज विभाग के एक्सईएन पोषण कन्याण ने बताया कि मनोहरपुर गांव में सब हेल्थ सेंटर बनाने के लिए टेंडर लगा दिया गया है। अगले सप्ताह ही टेंडर की बिड खुल जाएगी। इसके बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। इस पर 46.63 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

## झगड़े में घायल युवक ने तोड़ा दम, सात पर हत्या का केस दर्ज

- गांव घोघड़िया के नाग पंचमी मेले में गत 28 अगस्त को हुआ था झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव घोघड़िया में नाग पंचमी मेले के दौरान हमले में घायल हुए युवक की हिसार के निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक अपने झगड़े में अपने चचेरे को भाई को बचाने पहुंचा था। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर सात युवकों के खिलाफ जानलेवा हमला करने के अलावा हत्या की धारा जोड़ कर जांच शुरू कर दी है।

गांव घोघडिय़ा निवासी साहिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 28 अगस्त को वह गांव में नाग पंचमी के मेले में ताऊ के बेटे गोबिंदा (24) व अन्य परिवार के लोगों के साथ गया हुआ था। पूजा अर्चना के बाद जब वे घर वापस लौट रहे थे तो गांव के ही सचिन ने उसके मुंह पर बीड़ी का धुआं मारा। जिसका उसने विरोध किया तो सचिन तथा उसके साथियों ने उस पर हमला कर दिया। जिस पर उसके ताऊ के बेटे गोबिंदा, सुनील तथा राकेश ने उसे बचाने के कोशिश की तो आरोपितो ने उन पर सुए, रॉड तथा ईंटों से उन पर भी हमला कर दिया। जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई। परिजनों द्वारा उन्हें नागरिक अस्पताल लाया गया।



समुद्र मे गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।



उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# भविष्य कंप्यूटर का, टीचर बनकर चमकाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें।

## बहुत ज्यादा नौकरियां

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुड़ी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षिणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमशः बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।
- कॉलेज में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।



- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।

## इस तरह बन सकते हैं कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंड़ों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उतीर्ण करनी पड़ती हैं।

## आने वाला भविष्य कंप्यूटर आधारित, इसका नॉलेज आपको रखेगा आगे

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूटयूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।

---

12वीं पास करने के बाद बीए तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीए के बाद करियर : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में मिलते हैं बेहतरीन अवसर



डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर

## सामाजिक विज्ञान व भाषाओं की देती है गहरी समझ

अगर आपने सिर्फ बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) किया है तो घबराएं नहीं। बीए करने के बाद भी आप अपने करियर को बेहरीन उड़ान दे सकते हैं। बीए तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को ह्यूमनिटीज, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं की गहरी समझ प्रदान करती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है जैसे हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र और जनसंचार। वहीं बी.ए. ऑनर्स पाठ्यक्रम किसी एक विषय में गहन और विशेषज्ञ अध्ययन प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, छात्र अंग्रेजी साहित्य, हिंदी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, दर्शनशास्त्र या जनसंचार जैसे विषयों में ऑनर्स करके उस क्षेत्र में गहरी जानकारी और शोध क्षमता प्राप्त करते हैं। इन स्पेशलाइज़ेशन के आधार पर विद्यार्थी आगे चलकर कंटेंट राइटिंग, रिसर्च, शिक्षण, काउंसलिंग, प्रशासनिक सेवाओं, मीडिया, सामाजिक कार्य और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में अलग-अलग करियर मार्ग चुन सकते हैं।

**इस कोर्स में कई विषयों का अध्ययन करने में सक्षम होकर बनते हैं काबिल**



### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बीए की शैक्षणिक पृष्ठभूमि छात्रों को विचार करने, अभिव्यक्ति और विश्लेषण क्षमता प्रदान करती है। लेकिन वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक स्किल्स से भी लैस हों। चाहे पत्रकारिता हो, कंटेंट राइटिंग, प्रशासनिक सेवाएं या कॉर्पोरेट सेक्टर-हर जगह दक्षता की मांग है।

### इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

- प्रभावशाली लेखन और संवाद कौशल
- डिजिटल दक्षताः एमएस ऑफिस, कंटेंट मैनेजमेंट टूल्स
- डेटा रिसर्च और रिपोर्ट लेखन
- सार्वजनिक बोलने और प्रस्तुति कौशल
- आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान क्षमता
- पब्लिक रिलेशन एवं मीडिया हैंडलिंग स्किल्स

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र बीए डिग्रीधारकों के लिए आकर्षक और स्थिर अवसर प्रदान करता है। बैंकिंग, बीमा, रेलवे, डाक विभाग, रक्षा सेवाएं, राज्य लोक सेवा आयोग और संघ लोक सेवा आयोग में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में भर्तियां होती हैं। शुरुआती वेतनमान 30,000 से 45,000 मासिक तक हो सकता है, जबकि अनुभव और उच्च पद पर यह 80,000 से 1,20,000 तक पहुंच जाता है।

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**

- इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र
- सिविल सेवाओं में उच्च सफलता दर
- ग्राम विकास अधिकारी
- पंचायत सचिव
- लोकसभा/राज्यसभा रिसर्च फेलो

**अर्थशास्त्र**

- आर बी आई असिस्टेंट
- सांख्यिकी विभाग में सहायक
- इस इस सी में इकोनॉमिक इन्वेस्टिगेटर

**मनोविज्ञान**

- रक्षा सेवाओं में मनोवैज्ञानिक अधिकारी
- सामाजिक न्याय विभाग में काउंसलर
- पुलिस विभाग में रिक्रूटमेंट/ट्रेनिंग काउंसलर

**भूगोल**

- सर्वे ऑफ इंडिया में अधिकारी पद
- पर्यावरण एवं जलवायु विभाग में अनुसंधान सहायक
- आपदा प्रबंधन विभाग में सहायक पद

**जनसंचार**

- सरकारी सूचना सेवा
- प्रसार भारती में रिपोर्टर/प्रोड्यूसर
- राज्य सूचना विभाग में पब्लिक रिलेशन अफसर

**रक्षा सेवाएं**

- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**उच्च अध्ययन के विकल्प**

- पाठ्यक्रम विवरण
- एम.ए. (स्पेशलाइज़ेशन अनुसार) उच्च शिक्षा व शोध हेतु आवश्यक
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं हेतु
- बी.एड. शिक्षक बनने के लिए अनिवार्य
- एल.एल.बी. वकालत, कॉर्पोरेट लॉ, सिविल सेवाओं में सहायक
- मास कम्युनिकेशन/जर्नलिज़्म मीडिया, एंकरिंग, रिपोर्टिंग व पीआर में करियर
- समाजकार्य में मास्टर्स (एमएसडब्ल्यू) एनजीओ, पब्लिक हेल्थ व सामाजिक सेवा क्षेत्र हेतु
- मनोविज्ञान में पीजी/डिप्लोमा काउंसलिंग व क्लिनिकल मनोविज्ञान क्षेत्र हेतु



### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीए डिग्रीधारकों के लिए निजी क्षेत्र में विविध क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध हैं। मीडिया, शिक्षा, पब्लिक रिलेशन, कंटेंट राइटिंग, मानव संसाधन, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, काउंसलिंग, एडटेक और टूरिज़्म जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अच्छी संभावनाएं हैं। शुरुआती वेतनमान 15,000 से 25,000 मासिक हो सकता है, वहीं अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह 40,000 से 70,000 तक पहुंच सकता है। निम्न लिखित निजी क्षेत्रों में आप अपना करियर बना सकते हैं।

**मीडिया एवं जनसंचार**

- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- न्यूज़ एडिटर
- पब्लिक रिलेशन एग्जीक्यूटिव

**कंटेंट एवं डिजिटल सेक्टर**

- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर
- एसईओ एग्जीक्यूटिव

**शिक्षा एवं प्रशिक्षण**

- टीचिंग असिस्टेंट
- ऑनलाइन ट्यूटर
- एजुकेशन काउंसलर

**कॉरपोरेट एवं मानव संसाधन**

- एचआर असिस्टेंट
- ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर
- एडमिन एग्जीक्यूटिव

**पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र**

- टूर गाइड
- ट्रैवल कंसल्टेंट
- हॉस्पिटैलिटी एग्जीक्यूटिव

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**

- अंग्रेजी/हिंदी साहित्य
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- ट्रांसलेटर
- प्रकाशन सहायक

**इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र**

- रिसर्च असिस्टेंट
- पब्लिक पॉलिसी एनालिस्ट
- सोशल मीडिया कैम्पेनर
- एनजीओ कोऑर्डिनेटर

**अर्थशास्त्र**

- रिसर्च एनालिस्ट
- डेटा एंट्री एवं एम आई इस एग्जीक्यूटिव
- मार्केट सर्वे एग्जीक्यूटिव
- फाइनेंशियल कंसल्टिंग असिस्टेंट

**मनोविज्ञान**

- काउंसलर (स्कूल/कॉलेज)
- एचआर ट्रेनिंग असिस्टेंट
- बिहेवियरल एनालिस्ट
- करियर काउंसलर

**भूगोल**

- जी आई इस असिस्टेंट
- टूर एवं ट्रैवल कंसल्टेंट
- सर्वे रिसर्चर

**दर्शनशास्त्र**

- एथिक्स ट्रेनर
- शिक्षा व वैचारिक शोध सहायक

**जनसंचार**

- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- पीआर एग्जीक्यूटिव
- डिजिटल मीडिया कोऑर्डिनेटर

### स्किल्स विकसित करें छात्र

बीए केवल एक स्नातक डिग्री नहीं, बल्कि यह छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता और करियर विकल्पों का विस्तृत मार्ग प्रदान करती है। यदि छात्र अपनी स्पेशलाइज़ेशन के अनुरूप स्किल्स विकसित करें और प्रतियोगी परीक्षाओं या उच्च अध्ययन के लिए प्रयास करें, तो वे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट भविष्य बना सकते हैं। अपने करियर का चुनाव करने से पहले किसी भी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# सपनों को हकीकत में बदलें : भारत की चुनौतियों में सकारात्मक बदलाव की राह



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत, एक ऐसा देश जो विविधता, संस्कृति और अवसरों का संगम है, लेकिन इसके साथ ही कई चुनौतियाँ भी हैं। बढ़ती जनसंख्या, आर्थिक असमानता, शिक्षा तक सीमित पहुंच, और सामाजिक दबाव जैसे हालात कभी-कभी हमारे सपनों को धूमिल कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, ये चुनौतियाँ आपके सपनों को रोकने की ताकत नहीं रखतीं। आपमें वह शक्ति है जो इन कठिनाइयों को अवसरों में बदल सकती है। सपने वो बीज हैं, जो आपके मन में बोए जाते हैं। लेकिन उन्हें पनपने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सबसे पहले अपने सपनों को स्पष्ट करें। आप क्या बनना चाहते हैं? क्या हासिल करना चाहते हैं? चाहे वह डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार, उद्यमी, या कुछ और बनने का सपना हो, उसे कागज पर लिखें।

## चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें

भारत में कई बार सामाजिक या आर्थिक दबाव हमें अपने सपनों से भटका देते हैं। लेकिन याद रखें, आपका सपना आपकी ताकत है। उदाहरण के लिए, अगर आप एक छोटे शहर या गाँव से हैं, जहां संसाधनों की कमी है, तो यह आपके लिए रुकावट नहीं, बल्कि एक प्रेरणा होनी चाहिए कि आप उन सीमाओं को तोड़ सकते हैं।

**चुनौतियों को अवसरों में बदलें** : भारत में कई छात्र आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी, या परिवार के दबाव का सामना करते हैं। लेकिन इन चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें। हर मुश्किल एक सबक है। उदाहरण के लिए।

**आर्थिक तंगी**: अगर आपके पास कोचिंग या महंगे संसाधनों के लिए पैसे नहीं हैं, तो इंटरनेट का उपयोग करें। आज यूट्यूब, खान एकेडमी, और कई मुफ्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जो आपको मुफ्त में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दे सकते हैं।

**सामाजिक दबाव**: अगर आपके परिवार या समाज को आपके सपनों पर भरोसा नहीं है, तो धैर्य और संवाद से उन्हें समझाएँ। अपनी मेहनत और छोटी-छोटी उपलब्धियों से उनके विश्वास को जीतें।

**प्रतिस्पर्धा**: भारत में प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है, लेकिन यह आपको और मजबूत बनाती है। अपनी तुलना दूसरों से न करें; अपने लक्ष्य पर ध्यान दें और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करें।

**सकारात्मक सोच**: आपकी सबसे बड़ी ताकत सकारात्मक सोच वह जादू है, जो असंभव को संभव बनाती है। भारत जैसे देश में, जहाँ हर दिन नई चुनौतियाँ सामने आती हैं, सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की हिम्मत देता है। अपने मन से नकारात्मक विचारों को हटाएँ। अगर आप सोचते हैं कि "मैं यह नहीं कर सकता", तो उसे बदलकर कहें, "मैं कोशिश करूँगा और सीखूँगा।" प्रेरणा लें उन लोगों से, जिन्होंने भारत में कठिन परिस्थितियों में अपने सपनों को हासिल किया। जैसे किः

**डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**: एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

**धीरूभाई अंबानी**: एक छोटे से गाँव से शुरूआत कर उन्होंने रिलायंस जैसी विशाल कंपनी बनाई। उनकी कहानी हमें बताती है कि सपने देखने की कोई सीमा नहीं होती।

## छोटे कदम, बड़े परिणाम

सपनों को हासिल करने के लिए बड़े-बड़े कदमों की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम भी आपको मंजिल तक ले जा सकते हैं। अपने लक्ष्य को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँटें। उदाहरण के लिए, अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो हर दिन कुछ घंटे पढ़ाई के लिए निकालें। एक समय में एक विषय पर ध्यान दें। अपनी प्रगति को ट्रैक करें और हर छोटी उपलब्धि पर खुद को प्रोत्साहित करें।

**शिक्षा और कौशल**: आपके सपनों की नींवः भारत में शिक्षा और कौशल विकास आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। अगर आपके पास संसाधन सीमित हैं, तो सरकारी योजनाओं और स्कॉलरशिप का लाभ उठाएँ। साथ ही, आज के डिजिटल युग में तकनीकी कौशल सीखना बहुत जरूरी है। कोडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस जैसे कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि आपके सपनों को नई उड़ान भी दे सकते हैं।

**समुदाय और सहयोग**: एक साथ मिलकर आगे बढ़ेंः अकेले चलना मुश्किल हो सकता है। अपने आसपास के दोस्तों, शिक्षकों, या मेंटर्स का सहारा लें। एक-दूसरे के साथ ज्ञान और प्रेरणा साझा करें। भारत में कई गैर-लाभकारी संगठन और समुदाय हैं, जो छात्रों को मुफ्त में मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करते हैं। इनका लाभ उठाएँ और अपने सपनों को और मजबूत करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्कृत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** ढूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दै द। यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

**उत्तर** 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व : शांडिल्य

**उचाना।** उचाना शहर के प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पुजारी भारतेंदू शांडिल्य ने कहा कि हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है, इस दौरान श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान किए जाते हैं। पितृपक्ष 7 सितंबर से शुरू होकर 21 सितंबर तक रहने वाला है, मान्यता है इस दौरान हमारे पूर्वज धरती पर आते हैं और पूरे 16 दिन तक अपने वंशजों के घर में वास करते हैं इसलिए दौरान घर को स्वच्छ रखना बेहद जरूरी होता है।

### होने वाली रैली के लिए पॉइंट और सुझाव मांगे

**राजौंद।** पूर्व सैनिकों की मासिक मीटिंग हुई पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो के जिला प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि मीटिंग में समस्या पर विचार विमर्श किया गया। बताया कि 11 अक्टूबर को खड़गा स्टेडियम-1अंबाला कैंट में माननीय रक्षा मंत्री की होने वाली रैली के लिए पॉइंट व सुझाव मांगे गए ताकि हम रैली में पूर्व सैनिकों की समस्याओं को रख सके।

### बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पर जताई चिंता

**कैथल।** सीपीआई (एम) उत्तर भारत में बाढ़ और भूस्खलन की असाधारण स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे हैं। सीपीआई (एम) इस अभूतपूर्व आपदा में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त करती है।

### मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

### दयालु योजना के तहत मिलेगी आर्थिक सहायता

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

### जीवन में रखें सेवा और त्याग भावना : सिंगला

**राजौंद।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में एक दिवसीय एन एस एस कैंप का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य डॉक्टर मनीष सिंगला ने सभी स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन में सेवा और त्याग भावना से काम करके ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की।

### ग्रामीणों को किया नशा न करने बारे जागरूक

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस की विशेष टीमें ग्रामीण इलाकों, ढाणियों, चौपालों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर आमजन को नशे से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जागरूक कर रही हैं।

### भाविप सदस्यों नें शिक्षकों को किया सम्मानित

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फ़तेहपुर पुंडरी शाखा की ओर से संस्कृत पखवाड़ा के अंतर्गत शिक्षक दिवस के उपलक्ष में केएमवी कॉलेज पुंडरी में कार्यक्रम किया गया। कार्यकर्म की शुरुआत वंदे मातरम्‌ और दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र शर्मा (पिलनी) सरपंच प्रतिनिधि ने शिरकत की।

### राज्यसभा सांसद ने नर्सिंग कालेज में कार्यक्रम को किया संबोधित

# जीएसटी को लेकर विपक्ष आमजन को बहकाने का काम कर रहा : शर्मा

### आज प्रदेश में युवाओं को नौकरियां मैरिट आधार पर मिल रही

### बॉक्सर योगेश्वर फिलिंग स्टेशन का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर कहा कि यह सरकार का एक ऐतिहासिक फैसला है। सरकार ने बीड़ा उठाया है कि हमारे प्रदेश की महिलाओं की प्रतिमाह आर्थिक मदद की जाए। इस निर्णय के लिए वो मुख्यमंत्री को बधाई देते हैं। इसके साथ ही सरकार की नीतियां युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव काम कर रही हैं लेकिन सामाजिक स्तर पर हम सबको मिल कर काम करना होगा। शर्मा ने कहा कि उपराष्ट्रपति पद चुनाव को लेकर एनडीए और यूपीए ने अपना कैंडिडेट दे दिया है और प्रत्यक्ष को प्रमाण नही है। दो अक्टूबर को पता चल जाएगा कि उपराष्ट्रपति कौन है। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा रविवार को सुबह जैजैवंती-जींद-रोहतक रोड स्थित बॉक्सर योगेश्वर फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। यहां राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का धर्मवीर पिंडारा, विरेंद्र पिंडारा व अन्य गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने भाई सुरेंद्र कुमार मैमोरियल नर्सिंग कालेज में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। यहां राधे श्याम शर्मा, हरीराम दीक्षित ने उन्हें फूल माला पहनाई और स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में जीएसटी को लेकर सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि विपक्ष इसे लेकर लोगों को बहकाने का काम कर रहा है।





जींद। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा को सम्मानित करते हुए।

#### जनता को लाभ

जीएसटी दरें घटा कर सरकार ने बहुत ही सराहनीय काम किया है। आम जनता को इससे सीधा लाभ होगा। पांच प्रतिशत के स्लैब में लाकर आमजनता को खरीददारी में दस से 15 प्रतिशत तक का फायदा होगा। सरकार ने सूची बना दी है। रोजमर्रा की चीजें सस्ती होंगी। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जो-जो वादे हरियाणा प्रदेश की जनता व युवाओं से किए थे, वो सब पूरे किए हैं। आज हरियाणा प्रदेश में युवाओं को नौकरियां मैरिट आधार पर मिल रही हैं। पहली कलम से सरकार ने नौकरी देने का काम किया गया है। लेकिन सवाल है कि क्या हर बच्चे को सरकारी नौकरी मिल सकती है, क्या यह संभाव है। पर ऐसा नही हो सकता है। हर बच्चे को रोजगार मिलना चाहिए। जीविका का साधन मिलना चाहिए। ऐसी व्यवस्था बनाने की हम सबको मिलकर कोशिश करनी चाहिए। इस कोशिश में सरकार के साथ-साथ सबको अपना सहयोग देना चाहिए। समाज के हर वर्ग को इसके लिए प्रयास करना होगा कि हम अपनी युवा पीढ़ी के लिए उनके रोजगार के लिए व्यवस्था कर सकें।

# थैलेसीमिया अवेयरनेस कैंप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोटरी क्लब जींद मिडटाउन द्वारा थैलेसीमिया अवेयरनेस कैंप हार्टरोन स्किल सेंटर गांधीनगर में लगाया गया जिसमें संस्थान के 80-85 बच्चों ने भाग लिया। सर्वोदय हॉस्पिटल की निदेशक डा. रीटा गुप्ता ने थैलेसीमिया डिजीज के बारे में छात्र और छात्राओं को अवगत कराया कि थैलेसीमिया अनुवांशिक बीमारी है। जो माता-पिता से बच्चों में पहुंचती है। जिससे की अगर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की शादी होती है और दोनों बच्चे थैलेसीमिया पॉजिटिव है तो उनकी जन्म लेने वाली संतान पूर्ण विकसित नहीं होती। जिससे हीमोग्लोबिन बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है और हीमोग्लोबिन हमारे खून के लाल कणों में पाया जाने वाला प्रोटीन है जो शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। थैलेसीमिया के कारण शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं जल्दी नष्ट हो जाती है। जिसमें खून की कमी हो जाती है। थैलेसीमिया होने के लक्षण कमजोर और थकान पीलापन हड्डियों का पतला या कमजोर होना बार-बार खून चढ़ाने की आवश्यकता बच्चों में विकास रुकना। इस अवसर पर रोटेरीयन मुकेश सिंगला, रोटेरियन मनोज शर्मा, रोटेरियन मायाराम देवली आदि मौजूद रहे।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



सीवन। सीवन में बैठक करते भारत विकास परिषद के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### होने वाले आयोजनों पर किया मंथन

**सीवन।** भारत विकास परिषद शाखा सीवन की बैठक शाखा के सदस्य महेंद्र मुंजाल के कार्यालय में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अशोक गोयल ने की। बैठक में प्रांतीय संयोजक मोहित बंसल, पूर्व प्रधान मोतीराम जांगड़ा और वरिष्ठ सदस्य अनिल गर्ग ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस माह शाखा की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्वास्थ्य सेवाओ और धार्मिक आयोजनों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस माह एक निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया जाएगा। इसमें बी.पी., शुगर और एनीमिया की जांच निःशुल्क की जाएगी तथा मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध करवाई जाएंगी। परिषद का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचे। इसके अलावा आगामी नवरात्रों के अवसर पर शाखा सदस्यों ने तय किया कि सीवन के 2 स्कूलों में कन्या पूजन का आयोजन किया जाएगा।

### जय भारत मंच के अध्यक्ष बने सतबीर नंबरदार

**पूंडरी।** जय भारत मंच की हरियाणा प्रदेश स्तरीय पहली बैठक रोहतक में आयोजित हुई। यह बैठक संगठन के प्रदेश व जिला स्तर पर विस्तार की दिशा में अहम साबित हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी हरियाणा नरेंद्र शर्मा ने की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार चौहान, कार्यवाहक अध्यक्ष मेरठ प्रांत सुधीर त्यागी, महामंत्री हरियाणा माया ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का शुभारंभ भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक कन्या पूजन से किया गया। इसके बाद संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सतबीर सिंह नंबरदार मुंदड़ी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। रोहतक से जयभगवान को जिला अध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही अनिल कुमार पूर्व सरपंच और संतोष को जिला उपाध्यक्ष, शीशपाल को जिला महामंत्री, उदय सिंह को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा गया।

### शिविर में 61 युवाओं ने किया रक्तदान

**जींद।** युवा विकास समिति जींद के द्वारा रविवार को शहीदों के बलिदान की याद में शहीदी स्मारक गांव गुलकनी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवा विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि शिविर में मुख्यअतिथि महाराज मुकेश गिरी ने शिरकत की और रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि और कहा कि रक्तदान की पूर्ति केवल मनुष्य के द्वारा ही की जा सकती है। इसलिए इस प्रकार के कार्यक्रमों में युवाओं को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। युवा विकास समिति के महासचिव विनोद शर्मा, संयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि शिविर में वशिष्ठ अतिथि के तौर पर रामराये मंडल अध्यक्ष मुकेश सैनी, राष्ट्रीय कवि ओमप्रकाश चौहान, धर्मराज जागलान, जयदीप आदि ने शिरकत की और कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। शिविर में 61 युवाओं ने रक्तदान किया। सुनील सैनी, प्रवीण सैनी, सुनील उर्फ छज्जू, अनूप कोच, गर्वित रेढू, मोहित कार्तिक शर्मा पवन मौजूद रहे।



जींद। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते मुख्यअतिथि महाराज मुकेश गिरी।



नरवाना। सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### प्रधानाचार्य रमेश वत्स को सम्मानित किया

**नरवाना।** शिक्षक दिवस के अवसर पर चिराग पब्लिक स्कूल नरवाना के प्रधानाचार्य तथा शिक्षक को अलग-अलग संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश वत्स को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक नेतृत्व क्षमता और शिक्षा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु जींद में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह टीचर ब्रिलियंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया व विद्यालय के शिक्षक रिज़वान को उनकी मेहनतए समर्पण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान के लिए भारत विकास परिषद केशव शाखा ने सम्मान से नवाजा। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल हमारे शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धि हैए बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गौरव की बात है। ऐसे सम्मान शिक्षकों को और अधिक प्रेरणा देते हैं कि वे समाज व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

### प्रदीप नैन को मिला टीचर ब्रिलिएंस अवॉर्ड

**नरवाना।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जींद के एक निजी होटल में आयोजित समारोह में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर प्रदीप नैन को टीचर ब्रिलिएंस अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रदान किया गया। निदेशक प्रदीप नैन ने इस उपलब्धि का श्रेय वेदांता ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन रवि श्योकंदए संपूर्ण स्टाफ और छात्रों को देते हुए कहा कि यह टीमवर्क का ही परिणाम है। सभी के सामूहिक प्रयासों से ही वेदांता आज शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। विद्यालय की प्रिंसिपल वीना दारा ने निदेशक को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में वेदांता स्कूल शिक्षा, खेल और सहपाठ्यक्रम गतिविधियों के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है।



नरवाना। सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। फिजियोथैरेपी शिविर में उपचार करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### फ्री फिजियोथेरेपी चिकित्सा कैंप का आयोजन

**जींद।** संतमत धारा सेवा समिति द्वारा प्रभा आत्मबोध कुटिया में डा. शंकर लाल कालरा व उनकी टीम द्वारा फिजियोथेरेपी चिकित्सा शिविर लगाया गया। जहां पर मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया। इस कैंप से सैंकड़ों मरीजों ने फायदा उठाया। कैंप में सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटना दर्द, पैर दर्द तथा रीढ़ की हड्डी से संबंधित रोगों का उपचार किया गया। समिति ने शंकरलाल कालरा व उनकी टीम का हृदय से आभार प्रकट किया तथा उनसे इसी प्रकार सहयोग करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर समिति के प्रधान सेवादार सूर्यदास व अन्य कार्यकर्ता मा. रमेश चंद, सुखदेव सिंह, रामअवतार, सत्यवान रोहिला, कर्मचंद, नितिन, मोनू, मनोज व महिला सेवदारों में ललिता वर्मा, सरिता, राजबाला, अंजू देवी, कमलेश देवी, भतेरी देवी, चंचल देवी आदि मौजूद रहे।



जींद। चैक देते संजीव कुमार। फोटो :हरिभूमि

### बैंक की योजनाओं की जानकारी दी

**जींद।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक जींद के द्वारा रविवार को जाट धर्मशाला में और गांव डाहौला में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा डाहौला द्वारा वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष संजीव कुमार धूपर ने की। अध्यक्ष ने अपने भाषण में वित्तीय समावेशन, एमएसएमई को ऋण, स्वयं सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका, साइबर हमलों से बचाव के बारे में जागरूकता पर बहुत अच्छे से समझाया। उन्होंने बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा वित्तीय अनुशासन के महत्व को समझाया। इस मौके पर अध्यक्ष के साथ सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय हिसार के क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश शर्मा, जिला संयोजक राजेश गोयत अन्य शाखाओं से वरिष्ठ प्रबंधक सुमित देशवाल, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, मनोज कुंडू, सुनील लोहान, गौरव दलाल व अन्य बैंक अधिकारी भी मौजूद रहे।

# बाबा खाटू नरेश के भजनों से गुंजा जींद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या कालेज के बृजमोहन सिंगला मेमोरियल हॉल में हारे का सहारा सेवा समिति द्वारा श्री श्याम जागरण और संकीर्तन का आयोजन किया। हालांकि पहले यह आयोजन एसडी स्कूल में होना था। मगर बारिश के मद्देनजर इसे हिंदू कन्या कॉलेज के हॉल में शिफ्ट किया गया। बावजूद इसके हॉल श्री खाटू नरेश के भक्तों से खचाखच भर गया। हालत यह हो गई थी कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु हॉल के बाहर बैठकर बाबा खाटू नरेश के भजन सुनते रहे। श्री खाटू नरेश के जागरण में बाहर से आए कई जाने-माने कलाकारों के साथ जींद के स्थानीय कलाकारों ने भी अपने भजनों और बाबा खाटू नरेश की भेंटों पर रात भर झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रद्धालुओं के लिए हारे का सहारा सेवा समिति ने भंडारे की व्यवस्था की हुई थी। समिति के लगभग 180 वॉलंटियर ने व्यवस्था बनाए रखने की कमान संभाली हुई थी। सुबह बाबा के भक्तों को आयोजकों ने बाबा का खजाना बांटा। जिसे पाकर श्री श्याम के भक्त बेहद उत्साहित थे। बाबा का खजाना पाकर उनके भक्त खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। श्री श्याम के इस जागरण के बाद हारे का सहारा सेवा समिति के प्रधान विवेक गर्ग, उप प्रधान सचिन गोयल ने बताया कि बाबा खाटू श्याम का जागरण हर लिहाज से ऐतिहासिक रहा।



जींद। जागरण में बाबा को नमन करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पहुंचे रोज खेड़ा से ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### बाढ़ पीड़ितों को पंजाब जाकर बांटी सामग्री

**उचाना।** पंजाब में आई बाढ़ से पीड़ितों की मदद के लिए हर रोज किसी न किसी गांव से ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्राली लेकर सामग्री पहुंचाने के लिए जा रहे है। रोजखेड़ा गांव से भी ग्रामीण तीन ट्रैक्टर-ट्राली लेकर पंजाब के गुरदासपुर पहुंचे। यहां पर डेरा बाबा नानक शहर के हवेलियां कलां गांव पहुंच कर तिरपाल, आटा, चावल एवं सूखा राशन देने के साथ-साथ पशुओं के लिए तूड़ा भी पहुंचाया। सुनील, कुलदीप, मनोज, वीरेंद्र, फुल्लू, अमित, मंजीत, अमित राणा, संदीप टीम में शामिल रहे। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ से गुरदासपुर जिले में नुकसान अधिक है। यहां फसल बिल्कुल तबाह हो चुकी है तो गांव के गांव पानी में डूबे है। हमारा फर्ज बनता है कि इस घड़ी में हम जितनी हो सकें उतनी मदद करें। संकट की घड़ी किसी पर कभी भी आज सकती है। उन्होंने कहा कि मुसीबत कभी किसी पर भी आ सकती है। ऐसे में समाज के हर तबके को मदद के लिए आगे आना चाहिए। इस मदद से कभी भी पीछे नही हटना चाहिए।

### इंडस पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया

# मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर मोहा सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा में रविवार को ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय द्वारा यह कार्यक्रम विशेष रूप से दादा-दादी, नाना-नानी को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया ताकि बच्चों के जीवन में उनके योगदान को आदरपूर्वक सराहा जा सके। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियाँए संगीत कार्यक्रम तथा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही बच्चों के साथ उनके दादा-दादी, नाना-नानी ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम में अपने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति ने इस अवसर को पारिवारिक प्रेम, अपनापन और पीढ़ियों के बीच सौहार्द का उत्सव माना। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य अतिथि सुभाष श्योराण निदेशक इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस रहे। कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष सुरेन्द्र मडोत्रा, दिव्या मडोत्रा, मनोज जाखड़, ज्योति सैनी हेड मिस्ट्रेस जूनियर विंग, अर्जिता गुप्ता कोऑर्डिनेटर तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। साथ ही विद्यार्थियों के अभिभावकों और दादा-दादी, नाना-नानी ने भी कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भाग लिया।




जींद। मंच पर वरिष्ठों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### कार्यक्रम की सफलता पर जताया आभार

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह आयोजन दादा-दादी और नाना-नानी जैसे वरिष्ठ सदस्यों को सम्मान देने का एक सुंदर प्रयास है। जो बच्चों के संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्यों को संजोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय परिवार ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और इसे एक अविस्मरणीय दिन बताया। इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा की ओर से सभी दादा-दादी और नाना-नानी को हार्दिक शुभकामनाएं और सम्मान दिया गया।



जींद। सम्मेलन को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो :हरिभूमि

### राममहेर जांगड़ा अध्यक्ष मनोनित

**जींद।** जाट धर्मशाला में रविवार को भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिला अध्यक्ष सतबीर बूरा भी मौजूद रहे। प्रदेश मंत्री व रोहतक विभाग प्रमुख जितेंद्र वत्स ने संघ कार्यकारिणी के निर्णयों से अवगत करवाया। अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ से संबंधित सभी विभागीय संगठनों के पदाधिकारी व जिला समिति की उपस्थिति में जिला मंत्री विनोद शर्मा ने सदन में पिछले दो वर्ष के कालखंड की जिला मंत्री रिपोर्ट प्रस्तुत की व जिला अध्यक्ष सतबीर बूरा ने पिछली कार्य समिति को भंग करते हुए सर्वसम्मति से आगामी दो वर्ष के लिए कार्यकारिणी गठित की। जिला मंत्री विनोद शर्मा ने बताया कि पर्यवेक्षक एवं भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला ने नवचयनित जिला समिति को घोषित किया। जिसमें भवन निर्माण श्रमिक संघ से राममहेर जांगड़ा को अध्यक्ष, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के विनोद शर्मा को जिला मंत्री, शुगर मिल से कृष्ण धीमान व स्वास्थ्य विभाग से मनीष कुमार को जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया।

## खबर संक्षेप



### बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आग आए

**राजौंद।** सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा का सम्मेलन अग्रसेन धर्मशाला में हुआ। जिसमें जिले के सभी प्रक्टिशनर साथियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता एससीएमए के जिला प्रधान डॉ तेजपाल खटकड़ ने की व बाहर से आने वाले सभी साथियों का स्वागत भी किया। मंच संचालन जिला महासचिव डॉ राजन गुप्ता ने किया। सम्मलेन में मुख्य अतिथि के तौर पर आईएमपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुभाष सैनी पहुंचे।

### कला और पर्यावरण सम्मान किए घोषित

**जींद।** सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी जो कला और सामाजिक गतिविधियों में संलग्न एक प्रतिष्ठित अखिल भारतीय संस्था है, ने वर्ष 2025 के लिए अपने वार्षिक पुरस्कारों एवं छात्रवृत्तियों की घोषणा कर दी है। यह निर्णय संस्था की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। संस्था द्वारा घोषित पुरस्कारों में चित्रकला, मूर्तिकला, नाट्य विधा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे विशिष्ट व्यक्तियों और छात्रों को सम्मानित किया।

### शिक्षा और बाढ़ प्रबंधन में हो रही ऐतिहासिक प्रगति

**पूंडरी।** भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर लगाए जा रहे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हरियाणा में शिक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक सुधार किए हैं। उन्होंने ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भाजपा सरकार की नीतियों के सकारात्मक परिणाम आज हर किसी के सामने हैं। अशोक गुर्जर ने कहा कि ए.एस.ई.आर. 2024 रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा के सरकारी स्कूलों में ग्रेड 3 के विद्यार्थियों की साक्षरता दर 2022 में 21.2 प्रतिशत से बढक़र 2024 में 32.1 प्रतिशत हो गई है।

### हर गली-मोहल्ला होगा साफ-सुथरा

**पूंडरी।** प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत पूंडरी नगर पालिका क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 24 अगस्त से शुरू होकर 7 नवम्बर तक यानी 11 सप्ताह तक लगातार जारी रहेगा।

### स्व. हवलदार जयपाल के स्मारक का किया अनावरण

**राजौंद।** गांव गुलियाणा में स्व. हवलदार जयपाल के स्मारक का अनावरण किया गया। पूर्व सैनिक एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल गांव गुलयाणा में स्वर्गीय हवलदार जयपाल जिन्होंने भारतीय बॉर्डर फोर्स में देश की सीमाओं की रक्षा की और सेवानिवृत्ति के बाद समाज के उत्थान के लिए पर्यावरण पर काम किया। गांव व आसपास के गांव में जो पौधारोपण किया और पौधारोपण करते हुए ही जिन्होंने आखिरी सांस ली।

### बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे सरकार

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान प्रभु सिंह, राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, कैशियर संजीव सिंगला ,वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह, उपमहासचिव कृष्ण नैन, संगठन सचिव सुखदर्शन सरोहा, प्रैस प्रवक्ता निशा, कार्यालय सचिव सत्यनारायण यादव, जिला प्रधान रामफल दयोहरा व जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने सयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पंजाब के 23 जिले और हरियाणा के करीब 2000 गांव बाढ़ की चपेट में मजदूर, किसान, पशुपालक और गरीब का जीवन तबाह, स्कूल भवन भी क्षतिग्रस्त शिक्षकों, कर्मचारियों व जनता से राहत कोष में योगदान की अपील, सहायता राशि देने वाले शुभचिंतकों का आभार। सरकार बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे।

---

## अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा का विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

*रिश्ता आयोग का गठन व विवाह बाद महिलाओं का सरनेम न बदलने का प्रस्ताव पारित*

*कैबीनेट मंत्री विपुल गोयल ने अग्रवाल समाज व महिला शक्ति का किया आह्वान, अपनी ताकत को पहचानें*

# 17 राज्यों के 1250 से ज्यादा युवक युवतियों ने तलाशें मनपसंद जीवन साथी





**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री विपुल गोयल व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार गोयल।

**पंजाब के कैबीनेट मंत्री बरिंदर गोयल ने कहा- बिचौलियों के पीछे हटने से बढ़ी परिचय सम्मेलनों की भूमिका**

- अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने अग्रसेन जयंती को राष्ट्रीय पर्व घोषित करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा द्वारा रविवार को श्री श्याम गार्डन में उतर भारत स्तरीय विवाह योग्य परिचय सम्मेलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में 17 राज्यों के 1250 से ज्यादा प्रत्याशी अपने जीवनसाथी की तलाश में पहुंचे। विदेशों से भी विवाह योग्य प्रत्याशियों ने समारोह में शिरकत की। इस सम्मेलन में तीन राज्यों के मंत्री व विधायक अतिथिगण के तौर पर उपस्थित रहे। समारोह में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल व पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। उत्तर प्रदेश की बदायूं विधानसभा से विधायक महेश चंद्र गुप्ता अति विशिष्ट अतिथि रहे। इसके साथ-साथ देश प्रदेश से अग्रवाल समाज के कई राष्ट्रीय नेता भी समारोह में पहुंचे। इस समारोह का आयोजन अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल की देख रेख में किया गया। सम्मेलन में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा ने केंद्र सरकार से मांग कि है कि कुंवारे लड़के लड़कियों के लिए देश में रिश्ता आयोग गठित किया जाए। अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने मंच से प्रस्ताव रखा कि विवाह योग्य प्रत्याशियों का आंकड़ा जानने और उनको रिश्ते उचित अवसर प्रदान करने के लिए देश में रिश्ता आयोग गठित किया जाए। आज हर समाज में कुंवारे लड़के व लड़कियों की उम्र 30-30, 35-35 साल तक पहुंच गई हैं लेकिन विवाह योग्य प्रत्यशियों के रिश्ते नहीं हो पा रहे हैं। रिश्ते करवाने के मामले में समाज के मध्यस्थत लोगों ने तो भूमिका निभाई लेकिन सरकारों की भूमिका नगण्य रही। वहीं दूसरा प्रस्ताव पारित किया गया कि अग्रसेन जयंती को देश का राष्ट्रीय पर्व घोषित किया जाए। अग्रवाल समाज पिछले लंबे समय से अग्रसेन जयंती को देश का राष्ट्रीय पर्व घोषित करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन पहले ऐसे महापुरूष हुए हैं, जिन्होंने एक रूपया एक ईंट के संदेश के साथ पूरी दुनिया को समाजवाद का पाठ पढ़ाया। मंच से प्रस्ताव रखा गया कि शादी के बाद महिलाएं अपना सरनेम बदलकर अपनी पहचान न खोएं बल्कि अपने शादी से पहले वाले सरनेम को ही बरकरार रखें। गोयल ने कहा कि शादी के बाद उनका सरनेम बदल जाता है। जिससे उनके आधार कार्डए शैक्षिक डिग्रियों और अन्य दस्तावेजों में बड़ी दिक्कतें आती हैं। तलाक या पुनर्विवाह की स्थिति में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। ऐसे में महिला की वास्तविक पहचान अधर में लटक जाती है।

### तीनों प्रस्तावों का समर्थन किया

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने अग्रवाल समाज द्वारा रखे गए तीनों प्रस्तावों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वे अपने स्तर पर पूरा करवाने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज हर जगह निर्णायक भूमिका में होता है इसलिए समाज को अपनी ताकत को पहचान कर राजनीति में भी आगे आना होगा।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर फरीदाबाद से अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय नेता व अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, दिल्ली से यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व ग्लोबल वैश्य फेडरेशन के चेयरमैन जय भगवान गोयल, नगर परिषद कैथल की चेयरमेन सुरभि गर्ग ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जींद के प्रधान एवं अग्रवाल समाज के वरिष्ट नेता महावीर गुप्ता ने की। भारतीय अग्रवाल संगठन महिला की प्रदेश अध्यक्ष रजनीश जैन, वरिष्ट कांग्रेसी नेता एवं प्रमुख समाजसेवी पवन गर्ग, भाजपा नेता एवं प्रमुख समाजसेवी मनीष गोयल, समाजसेवी दीपक गोयल, अग्रोहा विकास ट्रस्ट जीन्द के प्रधान अशोक गोयल, व्यापार मंडल जींद के प्रधान राम बिलास मित्तल, पिल्लूखेड़ा से प्रमुख समाजसेवी चंद्रभान गर्ग व जीन्द से प्रमुख समाजसेवी अरूण बंसल इत्यादि विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढाई। वहीं इस अवसर पर संस्था के महासचिव रामधन जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सावर गर्ग, कोषाध्यक्ष पवन बंसल, दीपक गर्ग, मनीष गर्ग, महिला विंग की अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल, उपप्रधान डेजी जैन, महासचिव मंजू सिंगला कोषाध्यक्ष रेनू तायल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**जींद।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए सुरभि। *फोटो: हरिभूमि*

### कार्यक्रम के दौरान कई प्रस्ताव पारित

शादी के बाद महिलाएं अपना सरनेम न बदलें। महिलाओं की पहचान और सशक्तिकरण को लेकर जींद में रविवार को अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के परिचय महासम्मेलन में यह बड़ा प्रस्ताव रखा गया। मंच से प्रस्ताव पारित किया गया कि शादी के बाद महिलाएं अपना सरनेम बदलकर अपनी पहचान न खोएं बल्कि अपने शादी से पहले वाले सरनेम को ही बरकरार रखें। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार गोयल ने यह प्रस्ताव कई राज्यों से आए अग्र नेताओं व हजारों की भीड़ के सामने रखा। सभी ने हाथ उठाकर प्रस्ताव पारित किया। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया और आश्वासन दिया कि उचित मंच पर इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी महिलाएं अपनी असली पहचान नहीं रख पा रही हैं। शादी के बाद उनका सरनेम बदल जाता है। जिससे उनके आधार कार्ड, शैक्षिक डिग्रियों और अन्य दस्तावेजों में बड़ी दिक्कतें आती हैं। तलाक या पुनर्विवाह की स्थिति में यह समस्या और गंभीर हो जाती है।



**जींद।** कार्यक्रम में मंच पर गणमान्यों को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

---

## रता खेड़ा में डेरा प्रेमियों ने बांध को किया मजबूत

- शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर कमेटी के सैकडों सेवादार पूरे दिन लगे रहे बंद को मजबूत करने में

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला चीका

जिले के गुहला चीका क्षेत्र में लगातार खतरे के निशान से ऊपर बह रही घग्गर ने नजदीकी गांवों के लोगों की धड़कने बढ़ा रखी है। रविवार को गुहला चीका के रताखेड़ा लुकमान गांव में घग्गर के तटबंध कमजोर पड़ना शुरू हो गया। जिसे देखते हुए गांवों के सरपंच ने डेरा सच्चा सौदा से मदद ली। कुछ ही देर बाद सैकड़ों डेरा सेवादार बांध को मजबूत करने के लिए मौके पर पहुंच गए और मिट्टी के गट्टे भरकर बांध को मजबूत करने का शुरू कर दिया।



**गुहला चीका।** रत्ताखेडा में बांध पर सेवा करते एमएसजी के जवान।

### सेवादारों का सहयोग सराहनीय

मौके पर पहुंचे गुहला बीडीपीओ जगजीत सिंह ने कहा कि घग्गर का बांध कमजोर होने की सूचना मिली थी। जिससे गांव में पानी घुसने की संभावना बनी थी। जिसके बाद जिला प्रशासन व डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों द्वारा लगातार यहां कार्य किया जा रहा है। बांध को मिट्टी के गट्टे लगाकर मजबूत कर दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है।

**सेवादारों ने बचाई हजारों एकड़ फसल: सरपंच**

रता खेड़ा के सरपंच प्रतिनिधि राकेश और खुशहाल माजरा के सरपंच गुरजंट सिंह ने कहा कि बांध टूटने की कगार पर था। हमने डेरा प्रेमियों को इस बारे में सूचना दी। डेरा प्रेमियों ने कुछ ही पलो में यहां बांध को मजबूत करने का काम शुरू कर दिया। शाम तक बहुत ही लंबा बांध डेरा प्रेमियों के सहयोग से बांध दिया गया। सेवादारों ने हजारों एकड़ फसल डूबने से बचा ली।

**पिछली बाढ़ में टूटा था बांध**

बता दे कि पहले आई बाढ़ में यहां से बंद टूट गया था जिससे हजारों एकड़ फसल जल मग्न हो गई थी। सेवादारों के हौंसले को सलाम करते हुए रता खेड़ा लुकमान के सरपंच प्रतिनिधि वह खुशहाल माजरा के सरपंच द्वारा सेवा कार्य के लिए सेवादारों व पूज्य गुरु जी का धन्यवाद किया गया।

## सीबीएसई क्लस्टर में आपीएस ने अंडर 14 और 19 में वालीबॉल में जीते सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय ने एकबार फिर अपनी खेल प्रतिभा से जिले का मान बढ़ाया है। हाल ही में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 और अंडर-19 (आयु वर्ग) की टीमों ने सोनीपत में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दोनों ही वर्गों की टीमों ने प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट तालमेल, संघर्षशीलता और खेल भावना का परिचय दिया। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने बधाई दी।



**महेंद्रगढ़।** विजेता आरपीएस की वालीबॉल टीम। *फोटो: हरिभूमि*

### उपलब्धि से छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी

ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और आने वाले समय में आरपीएस विद्यालय खेलों के क्षेत्र में और भी ऊंचाइयां हासिल करेगा। ग्रुप के सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आज विद्यालय के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

---

## सांसद ने लिया जलभराव का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

बारिश के कारण नरवाना विधानसभा के कई गांवों व खेतों में पानी भरा हुआ है। किसानों की फसले पानी में डूबकर बर्बाद हो चुकी है। लोगों को सरकारी मदद की सख्त जरूरत है। मगर अफसोस की बात है कि मुसीबत के समय ग्रामीणों के बीच सरकार की ओर से न कोई राहत पहुंचाई जा रही न जलभराव, बाढ़ से बचाव के लिए कोई पुख्ता इंतजाम किए जा रहे। सरकार ने लोगों को अपने हाल पर छोड़ दिया है जो बहुत ही चिंतनीय और निंदनीय है। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा सिरसा सांसद कुमारी शैलजा ने शनिवार सायं गांवों के दौरे पर कही। सांसद शैलजा ने नरवाना विधानसभा के कई गांवों का दौरा किया और जलभराव से हो रहे नुकसान का जायजा लिया हो पीड़ित लोगों से बात की।



**नरवाना।** जायजा लेते हुए सांसद सैलजा। *फोटो: हरिभूमि*

## गोल्ड लाइफ स्कूल में अंतर-विद्यालय स्पर्धा

- प्रतियोगिता में क्षेत्र के कुल 6 विद्यालयों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

गोल्ड लाइफ स्कूल, राजौंद में अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के कुल 6 विद्यालयों ने भाग लिया।

सबसे पहले गोल्ड लाइफ स्कूल राजौंद के बच्चों द्वारा अन्य विद्यालय के अध्यापकों और बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत और अभिनंदन किया। बच्चों ने हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक और गणित विषय में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हो विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य प्रथम आने वाले विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### इन्होंने भाग लिया

इस प्रतियोगिता में जिन विद्यालयों ने भाग लिया, उनमें गौर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैलरम, शहीद भगत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल मटौर, सावित्री विद्या मंदिर स्कूल, करोड़ा, श्री सुखदेव मुनि पब्लिक स्कूल सजुमा, सनराइज पब्लिक स्कूल, धनौरी तथा मेजबान विद्यालय गोल्ड लाइव स्कूल राजौंद शामिल रहे। प्रतियोगिता का समय सुबह 10 बजे से 12 बजे तक रहा।

---

### डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर फूल माला अर्पण कर याद किया

*डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान*

## शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को शिक्षक दिवस का समारोह असाधारण उत्साह और सम्मान की भावना के साथ मनाया गया। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के छोटे.छोटे बच्चों से लेकर बड़े विद्यार्थियों तक सभी ने अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता और आदर की भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर फूल माला अर्पण के साथ हुआ। स्कूल परिसर में विशेष रूप से तैयार किए गए डॉण राधाकृष्णन के चित्रों और फूलों से सजे मंच पर बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। विद्यार्थियों के चेहरों पर श्रद्धा की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी।



**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए अध्यापक। *फोटो: हरिभूमि*

### गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा विरेन्द्र सिडानए चेयरमैन प्रवीण कुमारएने अपने प्रेरणादायक संबोधन में राधाकृष्णन के शिक्षा दर्शन और गुरु.शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला और इस सम्मानजनक कार्यक्रम की भूरि.भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच का स्नेह और सम्मान ही सच्ची शिक्षा का आधार है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम गुरु.शिष्य परंपरा को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी शिक्षकों के चेहरे पर संतुष्टि और गर्व की भावना देखते ही बन रही थी। इस सफल आयोजन के लिए स्कूल के सभी विद्यार्थियोंए अभिभावकों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। यह कार्यक्रम न केवल प्रेरणादायक रहा बल्कि शैक्षणिक मूल्यों को बढ़ावा देने की दृष्टि से भी अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हुआ। विद्यालय के सचिव श्री सुनील कुमार ने कहा कि यह शिक्षक दिवस समारोह सभी की स्मृतियों में गुरु.भक्ति का एक प्रेरणादायक अध्याय जोड़कर संपन्न हुआ।



## पूर्व विधायक ने जलभराव खेतों का दौरा किया

**जुलाना।** जलभराव गांवों के खेतों का पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा ने दौरा किया। अमरजीत ढांडा ने कहा कि जुलाना हलका सूना हो गया है। जुलाना को संभालने वाला कोई नही है। जुलाना की विधायक विनेश फोगाट को चाहिए कि वो जलभराव से पीड़ित किसानों के हितों के बारे में सोचें और जल्द समाधान करवाएं। बराड़ खेड़ा गांव में जलभराव इसलिए है कि विभाग ने बिछाई गई पाइप लाइन को नही संभाला है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए अमरजीत ढांडा ने कहा कि डिप्टी स्पीकर अकेले जींद के नही हैं बल्कि पूरे प्रदेश के हैं। डिप्टी स्पीकर को कोई भी बयान मर्यादा में रहकर देना चाहिए। पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा ने कहा कि सरकार को जलभराव से पीड़ित किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा देना चाहिए।